सार-समाचार

जोधपुर शहर में छितराई बारिश

जोधपुर , (कासं) । शहर में सोमवार रात के बाद मंगलवार को दोपहर एक बार फिर छितराई बारिश हुई। शहर के कई इलाकों में बारिश हुई वहीं कई इलाके सूखे रहे। इधर आज दिनभर आसमान पर बादलों का डेरा रहा जिससे धूप का असर भी कम हो गया। हालांकि उमस का जोर बरकरार रहा। जोधपुर शहर में मौसम ने अपनी करवट बदल ली है। यहां तेज उमस के बीच हवा के साथ बादलों ने अपना डेरा डाला है जिससे धूप का असर कम हुआ है। आज सुबह लूणी व उसके आस-पास के क्षेत्रों में बूंदाबांदी हुई। इसके बाद दोपहर में शास्त्रीनगर, झालामंड़, बासनी, मंडी चौराहा, प्रताप नगर, जालोरी गेट सहित शहर के कई हिस्सों में तेज बारिश का दौर शुरू हो गया। जिससे लोगों को राहत मिली। पिछले पांच दिनों की बात करे तो मौसम साफ होने के बाद जोधपुर के तापमान में बढ़ोतरी हुई थी। तापमान 36 डिठ्ठी तक पहुंच गया था। कई क्षेत्रों में बादलों की आवाजाही जारी थी। लेकिन इसका असर तापमान पर नजर नहीं आया। शहर में आज सुबह से ही बादल छाए हुए थे। कुछ समय के लिए धूप आई थी। वहीं लूणी, सातलाना और इनके आस-पास के क्षेत्र में हवा के साथ बारिश हुई है। मौसम विभाग के साइट की माने तो अभी भी जिले के कई हिस्सों में तेज गरज के साथ बारिश होने की संभावना है। मौसम में एक बार फिर से बदलाव के चलते अगले चार दिनों तक बारिश के हालात इसी तरह से रहने वाले हैं। जिससे एक बार फिर तापमान में गिरावट आएगी। चार दिनों के बाद धीरे-धीरे मानसून का दौर पूरा हो जाएगा और फिर से मौसम साफ होने लगेगा। मौसम विभाग के अनुसार दो कम दबाव के क्षेत्र विकसित होने से इस माह के पहले सप्ताह में बारिश की संभावना रहेगी।

एल.एन. मंत्री ने निरीक्षण किया

पाली, (नि.सं.)। जिला कलैक्टर एलएन मंत्री ने मंगलवार को जिले के गुंदोज और गुड़ा एंदला में पीएचसी का औचक निरीक्षण किया। इस अवसर पर उन्होंने वहां दवाईयो, इलाज, रजिस्टर, मरीजों की संख्या, मौसमी बीमारियों, विभिन्न रजिस्टर संधारण, उपस्थिति, काउन्टर, साफ सफाई आदि की जानकारी ली और वहां मौजूद मरीजों से बात कर उपलब्ध व्यवस्थाओ का फीडबैक लिया और उनके हाल चाल जाने। साथ ही मौके पर मौजूद चिकित्साकर्मीयों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। जिला कलैक्टर मंत्री ने गुड़ा एंदला में ही सीनियर सैकण्डरी स्कूल का निरीक्षण किया और स्कूल की विभिन्न व्यवस्थाओं को रजिस्टर का अवलोकन, स्टॉफ की जानकारी लेने के साथ ही क्लास में जाकर पढाई के बारे में जानकारी ली और बच्चों से अध्ययन के सम्बन्ध में रोचक सवाल पूछे और मौके पर मौजूद शिक्षकों को आवश्यक निर्देश दिये।

आराधना भवन में प्रवचन हुए

पाली, (नि.सं.)। श्री जिनकुशल सूरी जैन श्वेतांबर खरतरगच्छ संघ के श्री कुशलकान्ति आराधना भवन में सम्यक चातुर्मासिक प्रवचनमाला के दौरान साध्वी अर्हमनिधी ने कहा कि शांत रस की धारा का आनंद लेते-लेते स्वाध्याय, चिंतन, श्रवण, करते करते पर्वाधिराज के 3 दिन शीघ्र ही व्यतीत हो गए। आज का सूर्य उदित हुआ इस आशा के साथ कि अब हमें हमारी आत्मा को परमात्मा बनाने की राह पर चलाने के लिए राग, द्वेष, क्रोध को मिटाना होगा। कल्पसूत्र में प्रभु महावीर के 27 भवों का वर्णन किया। नयसार के भव में लकड़हारे के रूप में सम्यक्त्व धारण किया । विश्व के 7 आशचर्य है तो 25 तीर्थकरों के काल में भी 10 प्रकार के आश्चर्य (अच्छेरे) बताए है। संघ के भूरचंद मालू ने बताया कि प्रभु महावीर के शासन की पेढ़ी के मुनीम का चढ़ावा सूरजमल सांगीदास मालू,14 स्वप्न दर्शन का लाभ मिश्रीदेवी शंकरलाल, प्रेमप्रकाश धारीवाल परिवार व आज की संघपुजा का लाभ बोहरीदास ,प्रकाश चंद,रमेश मालू एवम ओमप्रकाश शुभम मालू परिवार ने लिया।

अभ्यास से लड़ाकू विमानों की गूंज

जोधपुर, (कासं)। जोधपुर में इन दिनों लड़ाकू विमानों की गूंज पूरे दिन सुनाई दे रही है। तरंग शक्ति एयर एक्सरसाइज फेज टू में आज दूसरा दिन था, जब आसमान विमानों की गर्जना से लगातार गूंज उठा है। वैसे तो एक्सरसाइज विधिवत 30 अगस्त से शुरु हो चुकी थी लेकिन विमानों की उड़ान का आज दूसरा दिन हैं। मंगलवार को इस एक्सरसाइज के दौरान कई विमानों ने उड़ानें भरी। यूएसए के 10 ने सुखोई 30 एमकेआई के साथ उड़ान भरी। एक्सरसाइज में विदेशी विमानों के साथ देशी विमान अपना कौशल दिखाते नजर आए। वहीं ऑस्ट्रेलियन एयर फोर्स के 18 के साथ तेजस ने उड़ान भरी। भारतीय वायु सेना की मेजबानी में पहली बार हो रहे मल्टीनेशन एयर एक्सरसाइज तरंग शक्ति का पहला फेज तमिलनाडु के सुलुर एयरबेस पर हुआ था। उसके बाद दूसरा फेज जोधपुर एयरबेस पर चल रहा है। यह एयर एक्सरसाइज 14 सितम्बर तक चलेगी। 6 सितंबर को ओपन डे रखा गया है। इस एयर एक्सरसाइज में भारत के साथ अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, श्रीलंका, ग्रीस, जापान, सिंगापुर और यूएई की वायु सेना की टीमें अपना कौशल दिखा रही है।

भाजपा का सदयस्ता अभियान आज से

जैसलमेर, (नि.सं.)। भारतीय जनता पार्टी के सदस्यता अभियान का जिला स्तर पर शुभारंभ आज बुधवार को भाजपा जिला कार्यालय में किया जायेगा। जिसका शुभारंभ प्रदेश मंत्री अनंतराम विश्नोई करेंगे। सदस्यता अभियान के जिला संयोजक सवाई सिंह गोगली ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा अभियान का शुभारंभ करने के बाद प्रदेश व जिला स्तर पर सभी पदाधिकारी व जनप्रतिनिधि पुनः सदस्यता ग्रहण करेंगे व उसके बाद सभी मंडलो व बूथों पर यह अभियान चलाया जायेगा। भाजपा जिलाध्यक्ष चंद्र प्रकाश सारदा ने जिले के सभी जिला पदाधिकारियों, अभियान सह संयोजक,वर्तमान एवं पूर्व सभी जनप्रतिनिधियों, मंडलो के पदाधिकारी, सभी मोर्चो व प्रकोष्ठों के पदाधिकारी, बूथ अध्यक्ष व प्रभारी, जिला प्रमुख, प्रधान, नगर परिषद सभापति, नगर पालिका अध्यक्ष वरिष्ठ व श्रेष्ठ सभी कार्यकर्ताओं को आमंत्रित किया गया है।

कॉपी राइट का प्रकरण दर्ज

जोधपुर , (कासं) । बनाड़ क्षेत्र में एक दुकानदार द्वारा नामी कंपनी के नकली पाइप बेचते पकड़ा गया। जिस पर दुकानदार के खिलाफ धोखाधड़ी एवं कॉपी राइट का प्रकरण दर्ज किया गया। बनाड़ पुलिस ने बताया किआर्शीवाद पाइप प्राइवेट लिमिटेड एम्ड एस्टल लिमिटेड कंपनी जयपुर के लीगल एडवोकेट एम्ड सॉलिसीटर हेमन्त बरडिया की तरफ से केस दर्ज कराया गया है। इसमें पुलिस को बताया कि एक सैनेट्री की दुकान बनाड़ रोड खोखरिया पर मालिक लक्ष्मण माली उनकी कंपनी के असल उत्पाद ट्रेडमार्का के नकल कर नकली उत्पाद बेचकर ठाहकों और कंपनी के साथ धोखाधड़ी कर रहा है। पुलिस ने सूचना पर कार्रवाई कर वहां से नकली सामान बरामद किया।

अवैध शराब बेचते युवक को पकड़ा

जोधपुर , (कासं) । सूरसागर रायल्टी नाका के सामने बनी दुकानों के पास में अवैध रूप से शराब बेच रहे एक युवक को गिरफ्तार कर अवैध देशी और अंग्रेजी शराब बरामद की गई है। आरोपी से आबकारी अधिनियम में गिरफ्तार किया गया है। सूरसागर थाने के एएसआई सुरताराम ने रॉयल्टी नाका के सामने बनी दुकानों के निकट तिंवरी रोड पर अवैध रूप से शराब बेच रहे इंद्रोका निवासी भगत सिंह पुत्र भोम सिंह को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 34 पव्वे अंठोजी शराब ,36 पव्वे देशी शराब एवं 14 बोतल जब्त की। आरोपी को आबकारी अधिनियम में गिरफ्तार किया।

प्रजापति समाज का समारोह 5 को

रेवदर, (निसं)। पथमेडा के गोसेवा महाभियान से सनातन धर्म के हर वर्ग को जोडने के लिए संत सत्कार समारोह आयोजित किए जा रहे है। 5 सितंबर को प्रजापति समाज का संत सत्कार समारोह आयोजित होगा। जिसमें भारत वर्ष के ज्ञानी, ध्यानी, सिद्ध तपोनिष्ठ साधू, संत व महापुरूषों की विशेष पुजा अर्चना कर सत्कार किया जाएगा।

रेशमाराम भील जिला अध्यक्ष बने

जैसलमेर, (नि.सं.)। अखिल भारतीय आदिवासी कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवाजी राव मोघे के निर्देशानुसार प्रदेश अध्यक्ष शंकरलाल मीणा द्वारा वरिष्ठ नेता रेशमाराम भील को राजस्थान प्रदेश आदिवासी कांग्रेस अनुसूचित जनजाति प्रकोष्ठ के जैसलमेर ज़िला अध्यक्ष नियुक्त किया गया। रेशमाराम लंबे समय स समर्पित व सक्रिय कार्यकर्ता के रूप में कार्य कर रहे हैं।

गीता सत्संग भवन में महापुराण 5 से

पाली, (नि.सं.)। पाली शहर के गांधी मूर्ति स्थित गीता सत्संग भवन में 5 सितंबर से 11 सितंबर तक श्रीमद् भागवत महापुराण कथा का आयोजन होगा। गीता सत्संग संघ के अध्यक्ष स्वामी प्रेमानंद ने जानकारी दी।

जोधपुर के लोगों ने जातरूओं की सेवा में बिछाए पलक पावड़े

जोधपुर , (कासं) । लोकदेवता बाबा रामदेव का मेला कल से शुरू हो जाएगा। बाबा दसमीं पर यह रामदेवरा में संपन्न होगा। बाबा रामदेव के गुरू गुसाईजी महाराज के समाधि स्थल मसूरिया में मेले का शुभारंभ ध्वाजारोहण के साथ होगा। कल बाबा की बीज है।

जोधपुर शहर में बाबा के जातरूओं का आने का सिलसिला बदस्तूर जारी है। शहर के लोगों ने बाबा के जातरूओं की सेवा में पलक पावड़े बिछा दिए है। चहुंओर बाबा के भजनों की बयार चल रही है तो खूब सेवाभाव से उनकी आवभगत के लिए रसोड़े चल रहे है। यहां मसूरिया में दर्शन लाभ लेने के बाद जातरू रामदेवरा के लिए कूच कर जाएंगे। लाखों की संख्या में अब तक जातरू दर्शन लाभ लेकर रामदेवरा निकल भी चुके है।

शहर में भी कई स्थानों पर आज रात्रि में बाबा के भक्तों के आने वाले मार्गो पर रात्रि जागरण का आयोजन भी किया जाएगा।

अधिकांश जातरू आज देर रात तक बाबा रामदेवजी और उनके गुरू बाली गुसाईजी के दर्शन करने के बाद सुबह बाबा रामदेवरा के लिये निकल जाएंगे। इन जातरूओं में पैदल जातरूओं के जत्थे के साथ बाइक सवार जातरूओं और छोटे बड़े वाहनों में भी जातरूओं का आगमन लगा हुआ है।

शहर के रेलवे स्टेशन, बस स्टेण्ड के पास बारहवी रोड चौराहा, जलजोग चौराहा बाबा के मंदिर, चौपासनी रोड, आखलिया और बाइपास से लेकर रामदेवरा तक जगह जगह पर पैदल जातरूओं और वाहन में सवार जातरुओं के की भीड़ देखी जा सकती है। इन्हीं स्थानों पर भंडारों में खूब उनकी सेवाचाकरी की जा रही है।

चिकित्सा शिविर लगाया

मानव अधिकार सेवा संघ के तत्वावधान में कैरू के आगे बालरवा गांव में बाबा रामदेव के जातरूओ के लिए मेडिकल केम्प लगाया गया। केम्प में चाय-पानी की व्यवस्था रखी गई।

इस अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष रतनचंद भंडारी, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अरुण सिंगल, राष्ट्रीय महासचिव हेमन्त परमार,राष्ट्रीय सह सचिव अनुज पारख, सेन्ट्रल कमेटी मेम्बर अमित अग्रवाल सहित संस्था के अन्य सदस्यगण उपस्थित थे।

श्री नवल नगर युवा प्रकोष्ठ जोधपुर की ओर से आराध्या श्री बाबा रामदेव महाराज की 12 फीट कद की घोड़े की सवारी के साथ जोधपुर से रामदेवरा के लिए उत्साह, श्रद्धा एवं हर्षोल्लास के साथ बुधवार को महर्षि नवल नगर, गीता भवन के सामने सरदारपुरा जोधपुर से पैदल यात्रा के रूप में प्रस्थान करेगी।

प्रकोष्ठ के अध्यक्ष विक्रम महाराज ने बताया कि बारिश के मौसम को देखते हुए पैदल यात्रियों हेतु सभी पड़ाव पर भोजन, पानी, विश्राम, मेडिकल आदि की व्यवस्था रहेगी। युवा प्रकोष्ठ के सचिव विजेंद्र चवरिया ने बताया कि पैदल यात्रा व्यवस्थापक अजय चांवरिया, अरुण बारासा, नरेश चांडाल, अजय बोयत, सोहनलाल बोयत, चंद्रप्रकाश पंडित, पारस घावरी, सवारी सेवक सिद्धार्थ चांवरिया, आदित्य तेजी, मनीष चांवरिया, सुमित तेजी, मन्नु, प्रिंस, लक्की, प्रेम आदि सेवा में रहेंगे।

40 छाते बांटकर सेवा कार्य किया

बाबा रामदेव समाज सेवा संस्थान के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अशोक गहलोत के नेतृत्व में बाबा रामदेवजी के दर्शनार्थ पैदल रामदेवरा रूणेचा जाने वाले बाबा के जातरुओं को छाता बांटने के प्रथम चरण में विभिन्न स्थानों पर 40 छाते बांटे गए। बताया कि यह सेवा कार्य बारिश होने तक अनवरत जारी रहेगा

गौरव अग्रवाल ने मसूरिया मेले का उद्घाटन किया

लोक देवता बाबा रामदेव जी के मेले का विधिवत शुभारंभ जिला कलेक्टर गौरव अग्रवाल ने किया । इस अवसर पर सरल स्वभाव के धनी माने जाने वाले जिला कलेक्टर गौरव अग्रवाल ने संत अनुभव दास महाराज तथा सर्वानंद दास महाराज के साथ फीता काटकर मेले का विधिवत शुभारंभ किया।

तत्पश्चात गौरव अग्रवाल ने सभी के साथ बाबा रामदेव जी के मंदिर में नारियल चढाकर विधिवत पूजा अर्चना की । श्री पीपा क्षत्रिय समस्त न्याति सभा ट्रस्ट के पदाधिकारियों द्वारा जिला कलेक्टर और उपस्थित अतिथियों का साफा एवं दुपट्टा पहना एवं स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया। इसके बाद जिला कलेक्टर गौरव अग्रवाल ने मेले की व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया । इनके साथ मुख्य अतिथि के रूप में डीसीपी वेस्ट राजर्षी राज वर्मा,सर्वानंद महाराज हिंगलाज माता मंदिर,सीए प्रफुल्ल भंडारी सहित अनेक समाजसेवी मौजूद रहे।

श्री पीपा क्षत्रिय समस्त न्याति सभा ट्रस्ट के अध्यक्ष नरेंद्र चौहान के साथ सचिव नरेंद्र गोयल, कोषाध्यक्ष पुरुषोत्तम राखेचा, उपाध्यक्ष शिवप्रसाद दहिया, दिनेश गोयल के साथ मीडिया प्रभारी एवं प्रवक्ता रंजन दईया,राकेश गोयल, विष्णु राखेचा, वीरेंद्र चौहान, विजय राखेचा के साथ अन्य सदस्य भी मौजूद रहे।

नंदगांव में माली समाज ने संतों का सत्कार किया

रेवदर, (निसं)। मनोरमा गोलोक नंदगांव केसुआं में चल रहे श्री गोकरुणा चातुर्मास आराधना महोत्सव में आज जालोर, सिरोही, बनासकांठा व सांचौर के माली समाज के प्रतिनिधियों ने देशभर से आए सैंकडों संतों का भावभीना सत्कार किया।

इस दौरान समाज के लोगों ने गोऋषि स्वामी दत्तशरणानंदजी महाराज, सुरजकुंड के संत अवधेश चैतन्य महाराज व महंत चेतनानंदजी महाराज डण्डाली आबुराज से आशिर्वाद लिया।

संत सत्कार समारोह को संबोधित करते हुए गोऋषि स्वामी दत्तशरणानंदजी महाराज ने कहा कि माली समाज के पुरखों ने उपवन में नए नए पौधे लगाकर सनातन धर्म के हर वर्ग को सुगंधित और सुशोभित करने का काम किया है।

इसके अलावा समाज के पुरखो का गोमाता के संरक्षण और संवर्धन में अतुल्य योगदान रहा है। आज भी माली समाज गोसेवा के क्षेत्र में अग्रणी नजर आता है। इसी वजह से समाज पूरे देश में उत्तरोत्तर प्रगति कर रहा है। मुझे हर्ष है कि सनातन धर्म का प्रत्येक वर्ग गोसेवा के इस गौसेवा महाभियान से जुडकर नया कीर्तिमान स्थापित कर रहा है।

इस दौरान चातुर्मास में पधारे माली समाज के गोभक्तो ने अयोध्या, मथुरा, वृन्दावन, हरिद्वार, चित्रकूट, काशी, पुरी व 121 दंडी स्वामी सहित देशभर के सैकडों यतीवृन्द संत महात्माओं का तिलक अर्चन साष्टांग दण्डवत प्रणाम कर विधिवत सत्कार संपन्न किया।

इससे पूर्व माली समाज के सैंकडों लोगों ने मनोरमा गोलोक परिक्रमा कर गौपूजन किया।

इस अवसर पर गोभक्त छोगजी सिसोदरा गुजरात के सानिध्य में गणपत भाटी डीसा, खेताराम टाक सांचौर, भगवानाराम माली सांचौर किसान नेता, अमराराम परमार सांचौर, धनाराम परमार सांचौर, सुरेश सोलंकी रतनपुरा, मसराजी फालना सांचौर, अर्जुनराम टेंबी, बदाराम परमार हरियाली, छोगाजी टाक सेसावा, गणेशराम टेंबी व कुंभाराम माली सांचौर सहित सांचौर, जालांर, बनासकांठा व सिरोही के माली समाज के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। समारोह का मंच संचालन डूंगराराम पुरोहित ने किया।

कार्यालय पंचायत समिति ,जालोर (राज.)

E-mail - bdojlr12345@gmail.com (बागोडा रोड जालोर) Contect No.- 0273-222230

क्रमांक:- पंसजा/लेखा/2024-25/772 दिनांक: 03/09/2024

-: दुकान किराया बोली :-

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पंचायत समिति , जालोर की सम्पति दुकान संख्या 02 बागोडा रोड स्थित दुकान किराये पर दी जानी है । इस हेतु इच्छूक व्यक्ति दिनांक 11.09.2024 समय प्रात: 12 बजे तक अपना आवेदन प्रस्तुत करे एवं धरोहर राशि जमा करवाकर किराये हेतु उसी दिनांक 11.09.2024 को सांय 04:00 बजे से प्रारम्भ खुली बोली प्रक्रिया में भाग लेवे ।
विस्तत शर्ते कार्यालय समय में नोटिस बोर्ड पर देखी जा सकती है ।

नारायणसिंह राजपुरोहित, प्रधान, पंचायत समिति , जालोर
प्रदीप मायला, खण्ड विकास अधिकारी, पंचायत समिति, जालोर

अलग-अलग स्थानों से आठ वाहन चोरी

जोधपुर,(कासं) । जोधपुर शहर में सक्रिय हो चुके वाहन चोर लगाकर गाड़ियां चुरा रहे है। मगर पुलिस मामले दर्ज कर इतिश्री करने में लगी है। वाहन चोरों की गैंग का खुलासा पुलिस नहीं कर पा रही है।

गत चौबीस घंटों में आठ जगहों से गाडिय़ां चोरी के प्रकरण संबंधित थाने में दर्ज हो गए है। इससे एक दिन पहले ही आधा दर्जन गाड़ियां चोरी हो गई थी। रोजाना शहर में वाहन चोर आधा दर्जन गाडिय़ां विभिन्न स्थानों से उठा रहे है। चोरों के निशाने पर अस्पताल और मॉल्स है जहां अत्यधिक भीड़भाड़ रहती है। इसी का फायदा उठाकर वाहन चोर गाडिय़ां लेकर जाते है। सीसीटीवी फुटेजों की उपलब्धता के बावजूद वाहन चोर नहीं पकड़ में आ रहे है।

सरदारपुरा थाने में दी रिपोर्ट में सुंदर बालाजी कॉलोनी काजदरी मस्जिद के पास चौपासनी क्षेत्र में रहने वाले मोहम्मद सलीम पुत्र मोहम्मद इकबाल ने पुलिस को बताया कि वह महात्मा गांधी अस्पताल आया था। जहां पर अस्पताल के सामने खड़ी की उसकी बाइक चोरी हो गई।

वहीं सरदारपुरा थाने में ही दी रिपोर्ट में बीजेएस कालोनी निवासी गुमान सिंह पुत्र शिवनारायण सिंह सिसोदिया ने पुलिस को बताया कि वह डीआरएम ऑफिस आया था। जहां से उसकी बाइक चोरी हो गई। जबकि कुड़ी भगतासनी थाने में दी रिपोर्ट में डिगाड़ी कला निवासी भगवानलाल पुत्र सोहनलाल प्रजापत ने पुलिस को बताया कि वह झालामंड गांव आया था। जहां पर खड़ी की उसकी बाइक को अज्ञात व्यक्ति चुराकर ले गया। इधर विवेक विहार थाने में दी रिपोर्ट में सांगरिया विहार निवासी मनोज कुमार पुत्र जगदीश कुमार भील ने पुलिस को बताया कि रात्रि के समय उसके घर के बाहर से उसकी बाइक चोरी हो गई।

जबकि प्रतापनगर सदर थाने में दी रिपोर्ट में जाजीवाल खिचिया निवासी अनिल पुत्र रामदीन मेघवाल ने पुलिस को बताया कि वह उम्मेद अस्पताल आया था। अस्पताल के बाहर से उसकी बाइक को कोई शख्स चुरा ले गया। वहीं मूलत: मतोड़ा थानान्तर्गत हरलाया रोड नौसर निवासी मुकेश विश्नोई पुत्र भगवानाराम विश्नोई पाल रोड खेमें का कुआं किसी काम से आया था। जहां से उसकी बाइक चोरी हो गई।

इधर महामंदिर थाने में दी रिपोर्ट में नागौर के गोटन निवासी प्रवीण पुत्र नेमीचंद शर्मा ने पुलिस को बताया कि भदवासिया क्षेत्र में स्थित एक रेस्टोरेंट के बाहर खड़ी की उसकी बाइक रात्रि के समय चोरी हो गई। उधर एयरपोर्ट थाने में दी रिपोर्ट में लूणी के मोरटूका निवासी बंशीलाल पुत्र हापूराम देवासी ने पुलिस को बताया कि वह पांच बत्ती सर्किल नाले के पास ईमित्र की दुकान पर आया था। दुकान के सामने खड़ी उसकी बाइक कोई चुरा ले गया।

आर.पी.एफ. ने 36 अवैध टिकट दलालों को पकड़ा

जोधपुर , (कासं) । उत्तर पश्चिम रेलवे जोधपुर रेल मंडल पर रेलवे सुरक्षा बल द्वारा विशेष अभियान चलाकर अनाधिकृत चेन पुलिंग, अवैध टिकट दलाली, अनाधिकृत खाद्य सामठी, और धूम्रपान करने वालों पर कार्रवाई की। अनाधिकृत टिकटों की दलाली करने वाले 36 दलालों को पकड़ 10 लाख 78 हजार 173 रूपये के अवैध टिकट बरामद किए है।

मंडल रेल प्रबंधक पंकज कुमार सिंह के दिशा निर्देशानुसार एवं वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त नीतीश शर्मा के नेतृत्व में अभियान लगातार जारी है । विशेष अभियान के तहत जोधपुर मंडल पर रेलवे सुरक्षा बल द्वारा अवैध टिकट दलालों के विरुद्ध शिकंजा कसते हुए इस वर्ष 32 मामले दर्ज कर 36 आरोपियों को पकड़कर 10 लाख 78 हजार 173 रूपये की अवैध टिकट बरामद कर कानूनी कार्यवाही अमल मे लाई जा चुकी है। माह जुलाई में अनाधिकृत चैन पुलिंग करने वाले 90 एवं 296 अनाधिकृत खाद्य सामठी बेचने वाले आरोपियों को गिरफ्तार किया गया तथा धूम्रपान करने वाले 47 व्यक्तियों से 9 हजार 400 रुपए जुर्माना वसूला तथा जुर्माना नहीं देने पर 03 व्यक्तियों के खिलाफ रेल अधिनियम की धारा 167 के तहत कार्रवाई की।

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक विकास खेड़ा ने बताया की कुशल निर्देशन का ही परिणाम है कि रेलवे सुरक्षा बल जोधपुर दिन प्रतिदिन डयूटी के प्रति ईमानदारी के साथ अभियानों के माध्यम से यात्रियों की मदद करते हुए यात्रा को सुविधाजनक बनाने के साथ सुरक्षा व्यवस्था बनाने में सफलतापूर्वक भूमिका का निर्वहन कर रही है।

कार्यालय ग्राम पंचायत, मेडा उपरला पंचायत समिति,जालोर

क्रमांक : ग्राप/निविदा/2024-25 / 25 दिनांक: 29/08/2024

ई-निविदा सूचना संख्या - 01/2024-25

पंचायत समिति जालोर के अधीनस्थ ग्राम पंचायत मेडा उपरला के लिए वित्तीय वर्ष 2024-25 शेष अवधि के दौरान महात्मा गांधी नरेगा योजना एवं ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग की अन्य योजनाओ में कराये जाने वाले कार्यो के लिए निर्माण स्रामगी एवं उपकरण की आपूर्ति हेतु राजस्थान लोक उपापन में पारदर्शिता अधिनियम 2012 एवं राजस्थान लोक उपापन में पारदर्शिता नियम 2013 (आदिनांक संशोधित) के अनुसार राजस्थान पंचायत राज नियम 1996 के तहत वस्तु एवं सेवाकर (GST) अधिनियम 2017 के अन्तर्गत सक्षम प्राधिकारी द्वारा पंजीकत अनुभवी एंव इच्छुक विर्निमाता (ओ) / विक्रेता (ओ) / फर्मो /संवेदको / आपूर्तिकताओ से जो किसी भी राजकीय संस्थान / उपक्रमों से बोली लगाने से विवर्जित /ब्लेक लिस्टेड नही हो, से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्युरमेन्ट प्रक्रिया से निविदाएं आमंत्रित की जाती है ई-निविदा संबधी समस्त विस्तत विवरण कार्यालय नोटिस बोर्ड तथा www.sppp.rajasthan.gov.in एवं www.eproc.rajasthan.gov.in पर अवलोकन की जाकर डाउनलोड कर www.eproc.rajasthan.gov.in. ई-निविदा ऑनलाईन अपलोड की जा सकती है ।

NIB No. - ZJR2425A0310
UBN No. - ZJR2425GLOB00409

सरपंच, ग्राम पंचायत, मेडा उपरला, पंचायत समिति जालोर
ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत, मेडा उपरला, पंचायत समिति जालोर

बरसात में पैदल जातरूओं की परेशानी बढ़ी

बाप. (निसं)। बाप कस्बे में काले घने बादलों से आसमान मंगलवार को भी अटा रहा। दोपहर में कुछ देर हल्की बरसात हुई। आसमान मे छाये काले बादल बाप कस्बे वासियो को केवल तरसा रहे है। शेखासर व आसपास के गांवो में एक घंटे से भी ज्यादा समय तक जमकर बारिश हुई। इस समय रामदेवरा जाने वाले पैदल जातरूओं के जत्थे चल रहे है।

बरसात में इन जातरूओं को खासी परेशानी उठानी पडी। धोलिया निवासी जेठूसिंह मालदेव ने बताया कि धोलिया, अमरे का बेरा, बारू, धोलिया आदि गांवो में बरसात हुई। धोलिया में अब बरसात से किसानो को नुकसान हो रहा है। किसानों की फसल पानी में बह रही है। कई खेतो में फसले पानी में डूबी हुई है। अमरा के बेरे के पास सडक पानी में बह गई। पूर्व उप सरपंच भंवरसिंह ने बताया कि टेपू जोधाणी व दूर्गाणी कानासी में भी अच्छी बारिश हैं।

बाबा रामदेव के पैदल जातरू बाप से होकर रामदेवरा की तरफ आगे बढ रहे है। बीकानेर, हनुमानगढ़, सरदार शहर, चुरू क्षेत्र के कई जगहो से पैदल जातरू बाप होकर रामदेवरा जा रहे है। ये जातरू बाप से शेखासर व सिहडा होते हुए रामदेवरा पहुंचते है।

बाप से शेखासर के बीच में कई जगह बरसात से सड़क क्षतिग्रस्त हुई है। दो तीन जगह बडे बड़े गड्ढे पड गये थे। हांलाकि कुछ दिनो पहले मिट्टी डाल कर पेचवर्क किया गया है, लेकिन ग्रामीणों का कहना है कि वह नाकाफी है। शेखासर गांव के पास भी सडक की पटरिया टुटी हुई है। सिहडा गांव से पहले एक मात्र सड़क मार्ग पर पिछले 15 दिनो से अधिक समय से तीन फीट तक पानी भरा हुआ है। ग्रामीणों ने बताया कि इस बार अत्यधिक बरसात हुई। खेतो में पानी भरा पडा है। सडक के दोनो तरफ खेत है वंहा पानी सडक मार्ग तक फैला हुआ है।

इस समय रामदेवरा के पैदल जातरूओ व दुपहिया पर जाने वाले जातरूओ को काफी दिक्कते हो रही है। अधिकांश बाइक पानी के अंदर बंद हो जाती है। जंहा पानी एकत्रित है वहा जाम की स्थिति बन जाती है। पानी में होकर निकलने पर जातरूओ का सामान भी भीगने से खराब हो रहा है। जातरू साइकिलो को कंधे पर उठाकर बाहर निकलते भी देखे जा सकते है। ग्रामीणो ने कहा कि प्रशासन को अवगत कराया, लेकिन इस ओर ध्यान नहीं दिया गया। ग्रामीणों ने कैसे भी करके इस रोड को दुरूस्त करवाने की मांग करते हुए कहा कि वे जो भी सहयोग होगा वह देने के लिए तैयार है।

कार्यालय ग्राम पंचायत, चूरा पंचायत समिति,जालोर

क्रमांक : ग्राप /निविदा /2024-25 / 18 दिनांक: 29/08/2024

ई-निविदा सूचना संख्या - 01/2024-25

पंचायत समिति जालोर के अधीनस्थ ग्राम पंचायत चूरा के लिए वित्तीय वर्ष 2024-25 शेष अवधि के दौरान महात्मा गांधी नरेगा योजना एवं ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग की अन्य योजनाओ में कराये जाने वाले कार्यो के लिए निर्माण स्रामगी एवं उपकरण की आपूर्ति हेतु राजस्थान लोक उपापन में पारदर्शिता अधिनियम 2012 एवं राजस्थान लोक उपापन में पारदर्शिता नियम 2013 (आदिनांक संशोधित) के अनुसार राजस्थान पंचायत राज नियम 1996 के तहत वस्तु एवं सेवाकर (GST) अधिनियम 2017 के अन्तर्गत सक्षम प्राधिकारी द्वारा पंजीकत अनुभवी एंव इच्छुक विर्निमाता (ओ) / विक्रेता (ओ) / फर्मो /संवेदको / आपूर्तिकताओ से जो किसी भी राजकीय संस्थान / उपक्रमों से बोली लगाने से विवर्जित /ब्लेक लिस्टेड नही हो, से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्युरमेन्ट प्रक्रिया से निविदाएं आमंत्रित की जाती है ई-निविदा संबधी समस्त विस्तत विवरण कार्यालय नोटिस बोर्ड तथा www.sppp.rajasthan.gov.in एवं www.eproc.rajasthan.gov.in पर अवलोकन की जाकर डाउनलोड कर www.eproc.rajasthan.gov.in. ई-निविदा ऑनलाईन अपलोड की जा सकती है ।

NIB No. - ZJR2425A0309
UBN No. - ZJR2425GLOB00408

सरपंच, ग्राम पंचायत, चूरा, पंचायत समिति जालोर
ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत, चूरा, पंचायत समिति जालोर

मारवाड़ मेडिकल यूनिवर्सिटी व मंडोर सेटेलाइट का निरीक्षण

जोधपुर,(का.सं.)। चिकित्सा शिक्षा एवं स्वास्थ्य विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव शुभ्रा सिंह मंगलवार को जोधपुर में मारवाड़ मेडिकल यूनिवर्सिटी एवं मण्डोर सेटेलाइट हॉस्पिटट का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए।

सिंह ने यूनिवर्सिटी के निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि विश्वविद्यालय का निर्माण कार्य समयबद्ध रूप से पूरा किया जाना सुनिश्चित करें, ताकि जल्द से जल्द इसमें शैक्षिणक कार्य प्रारम्भ हो सके और चिकित्सा के क्षेत्र में अध्ययन के इच्छुक विद्यार्थियों के लिए नए अवसर उपलब्ध हो सकें। सिंह ने प्रशासनिक एवं शैक्षिणक ब्लॉक सहित अन्य सभी निर्माण कार्यों को गति प्रदान करने और निर्माण में गुणवत्ता का पूरा ध्यान रखने के निर्देश दिए। कि राजस्थान स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय के बाद प्रदेश में चिकित्सा के क्षेत्र में दूसरा राजकीय विश्वविद्यालय जोधपुर में स्थापित किया जा रहा है। करीब 500 करोड़ की लागत से बन रहे इस विश्वविद्यालय से प्रदेश में चिकित्सा के क्षेत्र को नए आयाम मिलेंगे और मेडिकल वेल्यू ट्यूरिज्म को बढ़ावा मिलेगा। कुलपति एमके आसेरी ने निर्माण कार्यों के संबंध में अवगत कराया। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्यों को समय सीमा में पूरा करने का प्रयास किया जा रहा है।

सिंह ने जोधपुर के मण्डोर सेटेलाइट अस्पताल का भी निरीक्षण किया। उन्होंने यहां आपातकालीन इकाई, वार्ड, आईसीयू एवं दवा वितरण केंद्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं के उन्नयन की दृष्टि से प्रदेशभर में चिकित्सा संस्थानों का लगातार निरीक्षण